**भारत सरकार**

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश, शिमला**

**हिंदी समिति की बैठक, एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन**

**दिनांक: 17-मई-2025**

राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने एवं सरकार की राजभाषा नीति के प्रति अनुकूल वातावरण बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यालयों में वर्ष की प्रत्येक तिमाही में हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक, हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन अपेक्षित है। उक्त उद्देश्य हेतु राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश में वित्त वर्ष 2025-26 की प्रथम तिमाही (01-अप्रैल-2025 से 30-जून-2025) के दौरान एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन दिनांक 17-मई-2025 को किया गया तथा कार्यालय की हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन भी इसी दिन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यालयों के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस बैठक में हिमाचल प्रदेश राज्य के समस्त जिला केंद्रों तथा अन्य कार्यालयों के समस्त अधिकारी व कर्मचारी वीडियो सम्मेलन के माध्यम से कार्यशाला की बैठक में उपस्थित हुए।




**श्री अजय सिंह चैहल जी, उपमहानिदेशक एवं राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी हिंदी कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए**

हिंदी कार्यशाला के आयोजन की सूचना पूर्व में ही समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईमेल के माध्यम से दे दी गयी थी।

### हिंदी समिति की बैठक

सर्वप्रथम कार्यालय की हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के अध्यक्ष श्री अजय सिंह चैहल जी एवं समिति के सभी चारों सदस्यों श्री संजय शर्मा, श्री विनोद कुमार गर्ग, श्री बलवान सिंह एवं श्री दीपक कुमार ने भाग लिया। समिति की बैठक में राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य कार्यालय एवं इस कार्यालय के अंतर्गत समस्त अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग की समीक्षा की गयी एवं यह पाया गया कि राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी जी के मार्गदर्शन में राज्य कार्यालय एवं सभी अधीनस्थ कार्यालयों में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यालय में हिंदी का प्रयोग अधिक से अधिक किया जा रहा है।

### हिंदी कार्यशाला

हिंदी समिति की बैठक के पश्चात् एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन पूर्व निर्धारित समयानुसार एन.आई.सी. हिमाचल प्रदेश के वीडियो सम्मलेन कक्ष में आरम्भ किया गया। जिसमें राज्य कार्यालय एवं समस्त अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया तथा जिला एवं अन्य कार्यालयों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। हिंदी कार्यशाला के आरंभ में राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी महोदय द्वारा राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया एवं राजभाषा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला।





हिंदी कार्यशाला के दौरान अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भाग लेते हुए

### राजभाषा हिंदी के माध्यम से "हिंदी भाषा का बदलता स्वरूप- सोशल मीडिया के युग में" पर व्याख्यान

श्रीमती पूजा मान, ने "हिंदी भाषा का बदलता स्वरूप - सोशल मीडिया के युग में" विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे हिंदी वर्तमान समय में एक नए रूप में प्रयोग में लायी जा रही है एवं उसका रूप भी इंग्लिश एवं हिंदी भाषा को जोड़कर हिंग्लिश भाषा की तरह प्रयोग किया जा रहा है, जिसे हम सोशल मीडिया पर सामान्यत: प्रयोग करते हैं।






हिंदी कार्यशाला के दौरान व्याख्यान प्रस्तुत करती श्रीमती पूजा मान

### मोबाइल ऐप के माध्यम से बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

इसके पश्चात् कार्यशाला के दौरान राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश द्वारा बनाए गए 'हिंदी-बोध' मोबाइल ऐप के माध्यम से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी के सामान्य प्रश्नों के साथ-साथ व्याख्यान में दी गयी जानकारी पर आधारित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में क्रमशः 12 प्रश्न पूछे गए, जिसमें 29 अधिकारियों ने भाग लिया।

### प्रथम प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का परिणाम:

| स्थान | प्रतिभागी का नाम | पद | नियुक्ति का स्थान |
|---|---|---|---|
| प्रथम | श्री अजय सिंह चैहल | राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी / वैज्ञानिक-जी | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |
| द्वितीय | श्री संजय कुमार | वैज्ञानिक-एफ | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश सीजीओ कॉम्प्लेक्स |
| तृतीय | श्री मुकेश कुमार | वैज्ञानिक-डी | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |

## हिंदी संगोष्ठी

हिंदी कार्यशाला के आयोजन के दौरान हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। संगोष्ठी के दौरान श्री अजय सिंह चैहल जी, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी ने सभी का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि राजभाषा कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान विभिन्न गतिविधियां जारी रहनी चाहिए।

हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम दिनभर जारी रहा एवं राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यालय में राजभाषा हिंदी के शत-प्रतिशत प्रयोग हेतु अपने-अपने विचार रखे एवं अपने-अपने अनुभवों को साझा किया, जो कि सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहे। आगामी कार्यशाला के दौरान विषय विशेष पर व्याख्यान प्रस्तुती की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए श्री जगदीप, वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-ए व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।



**हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान उपस्थित अधिकारी व कर्मचारी गण**

## दिनांक 17-05-2025 को हिंदी कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी:

| क्र. | नाम | पद | नियुक्ति का स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री अजय सिंह चैहल | राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, वैज्ञानिक-जी | रा.सू.वि.कें. हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |
| 2. | श्री ललित कपूर | वैज्ञानिक-एफ | रा.सू.वि.कें. हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |
| 3. | श्री संदीप सूद | वैज्ञानिक-एफ | रा.सू.वि.कें. हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |
| 4. | श्री संजय शर्मा | वैज्ञानिक-एफ | रा.सू.वि.कें. हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | श्री पंकज गुप्ता | वैज्ञानिक-एफ | रा.सू.वि.कें. हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |
| 6. | श्री संजय ठाकुर | वैज्ञानिक-एफ | रा.सू.वि.कें. हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |
| 7. | श्री आशीष शर्मा | वैज्ञानिक-डी | रा.सू.वि.कें. हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |
| 8. | श्री मुकेश कुमार | वैज्ञानिक-डी | रा.सू.वि.कें. हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |
| 9. | श्री सर्वजीत कुमार | वैज्ञानिक-सी | रा.सू.वि.कें. हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |
| 10. | श्री पृथ्वी राज | वैज्ञानिक-सी | रा.सू.वि.कें. हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |
| 11. | श्रीमती वंदना सांख्यान | वैज्ञानिक-सी | रा.सू.वि.कें. हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |
| 12. | श्रीमती पूजा मान | वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-ए | रा.सू.वि.कें. हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |
| 13. | श्री राजेश कुमार यदुभूषणम | अनुभाग अधिकारी | रा.सू.वि.कें. हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |
| 14. | श्री विनय डोगरा | सहायक अनुभाग अधिकारी | रा.सू.वि.कें. हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |
| 15. | श्री हिमांशु गुप्ता | स्टेनो ग्रेड-III | रा.सू.वि.कें. हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |
| 16. | श्री संजय कुमार | वैज्ञानिक-एफ | रा.सू.वि.कें., हि.प्र. सीजीओ कॉम्प्लेक्स |
| 17. | श्री विनोद कुमार गर्ग | वैज्ञानिक-एफ | रा.सू.वि.कें., हि.प्र. सीजीओ कॉम्प्लेक्स |
| 18. | श्री मंगल सिंह | वैज्ञानिक-डी | रा.सू.वि.कें., हि.प्र. सीजीओ कॉम्प्लेक्स |
| 19. | श्री सी.एल. कश्यप | वैज्ञानिक-सी | रा.सू.वि.कें., हि.प्र. उच्च न्यायालय |
| 20. | श्री जितेन्द्र शर्मा | वैज्ञानिक-बी | रा.सू.वि.कें., हि.प्र. उच्च न्यायालय |
| 21. | श्री संदीप कुमार | वैज्ञानिक-एफ | रा.सू.वि.कें., हि.प्र. विधान सभा |
| 22. | श्री अनुराग गुप्ता | वैज्ञानिक-ई | जिला केंद्र, हमीरपुर |
| 23. | श्री प्रशांत कुमार | वैज्ञानिक अधिकारी- एस.बी. | जिला केंद्र, हमीरपुर |
| 24. | श्री चेतन सैनी | वैज्ञानिक अधिकारी- एस.बी. | जिला केंद्र, मंडी |
| 25. | श्री जगदीप | वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-ए | जिला केंद्र, लाहौल स्फीति |
| 26. | श्री ब्रिजेंद्र डोगरा | वैज्ञानिक-ई | जिला केंद्र, कुल्लू |
| 27. | श्री बलवान सिंह | वैज्ञानिक-डी | जिला केंद्र, किन्नौर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 28. | श्री दीपक कुमार | वैज्ञानिक-सी | जिला केंद्र, शिमला |
| 29. | श्री चन्द्र शेखर | वैज्ञानिक अधिकारी एसबी | जिला केंद्र, सोलन |
| 30. | श्री श्वेतांश शतक | वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-बी | जिला केंद्र, सोलन |
| 31. | श्री मोहन राकेश अग्रवाल | वैज्ञानिक-डी | जिला केंद्र, सिरमौर |
| 32. | श्री भुपिंदर सिंह | वैज्ञानिक-डी | जिला केंद्र, ऊना |